## अर्निंग फॉर लर्निंग पर आज ऑड्रे हाउस में लगेगी बच्चों की कला का प्रदर्शनी

# बच्चों के हुनर को सलाम करेंगे सीएम

### पहली बार राज्य के सरकारी स्कूलों के बच्चों की कला प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चों के लिए राज्य बनने के बाद पहली बार कला प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन किया जा रहा है। कला प्रदर्शनी सह बिक्री केंद्र का आयोजन आड्रे हाउस में किया जा रहा है। इसका उद्घाटन शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने करेंगे। बच्चों की कलाकृतियों से सजी राजधानी रांची का ऑड्रे हाउस यह बताने के लिए काफी है कि झारखंड के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे कितने हुनरमंद हैं।

राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के रवि कुमार ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस कला प्रदर्शनी का उद्देश्य अर्निग फॉर लर्निंग है ताकि बच्चे आत्मनिर्भर बन सकें और भविष्य में इसे अपने रोजगार से जोड़कर भी करियर बना सकें।


गुरुवार को प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते आयोजक

#### ऑनलाइन मार्केटिंग की दी जाएगी ट्रेनिंग

इस कार्यक्रम से न सिर्फ बच्चों को फायदा होगा बल्कि स्कूल के साथ-साथ शिक्षक और उनके अभिभावक भी गौरवान्वित महसूस करेंगे।

इस प्रदर्शनी के माध्यम से न केवल छात्रों की कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा, बल्कि एक्सएलआरआई जमशेदपुर की विशेषज्ञ टीम उन्हें कुशल बनाने के लिए ऑनलाइन मार्केटिंग का प्रशिक्षण भी देगी। कुल मिलाकर राज्य में पहली बार आयोजित होने वाली इस कला प्रदर्शनी से स्कूली बच्चों को प्रोत्साहन मिलेगा और लोगों में कला के प्रति जिज्ञासा भी बढ़ेगी।

#### 50 रुपये से 6000 तक की हैं कलाकृतियां

ऑड्रे हाउस ऑडिटोरियम में 3-5 नवंबर तक आयोजित इस कला प्रदर्शनी में 100 से अधिक श्रेणियों में बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां हैं। झारखंड की सभ्यता संस्कृति को दशार्ती यह कलाकृति जीवंतता से भरपूर है। इस तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां भी बेची जाएंगी। बिक्री से प्राप्त धनराशि बच्चों और स्कूल के शिक्षकों को दी जाएगी। इस कला प्रदर्शनी में 50 रुपये से लेकर 6000 रुपये तक की कई कलाकृतियां हैं।

#### सरकारी स्कूलों के बच्चे किसी से कम नहीं

राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई कर रहे बच्चे किसी से कम नहीं हैं। तभी तो 3 से 5 नवंबर तक आयोजित इस कला प्रदर्शनी सह बिक्री कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों के बच्चों द्वारा बनाई गई लगभग 1000 कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। ऑड्रे हाउस में प्रदर्शित कलाकृतियों में टेराकोटा कलाकृतियां, लकड़ी की कलाकृतियां, कैनवास आदि पर आकर्षक पेंटिंग, मिप्ती के मुखौटे, बांस की कलाकृतियां, टॉय मेकिंग आदि शामिल हैं।

## जेसोवा मेले में बोले सीएम, हर व्यक्ति को सामाजिक कार्यों से जुड़ना चाहिए इससे समाज सुंदर बनता है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हर व्यक्ति को सामाजिक कार्य से जुड़ना चाहिए, इससे सुंदर समाज का निर्माण होता है। ये बातें सीएम हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड आईएएस वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) की ओर से मोरहाबादी स्थित आर्मी मैदान में आयोजित पांच दिवसीय दीपावली मेले के उद्घाटन के मौके पर कहीं।

सीएम ने कहा कि सामाजिक सरोकार के जिस संकल्प और उद्देश्य के साथ यह संस्था आर्थिक एवं सामाजिक रूप से लाचार और जरूरतमंदों की सहायता कर रही है, दीपावली मेला उसी कड़ी का एक हिस्सा है। जेसोवा के सामाजिक सरोकार का दायरा और बढ़े, इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं। इस मौके पर कई संस्थानों को सहायता राशि दी गयी। इसे पूर्व जेसोवा की सचिव मन्नू झा अपने स्वागत भाषण संस्थान के सामाजिक कार्यो के बारे में बताया।

अतिथियों का स्वागत संस्थान की अध्यक्ष मीनू सिंह ने किया। इस मौके पर रंजना स्वरूप, अमिता खंडवाल,प्रिती कुमार,नमीता सिंह आदि मौजूद थी।



**300 से अधिक स्टॉल हैं :** 5 दिनों (2 से 6) तक चलने वाले इस मेले में 300 से अधिक स्टॉल है। सुबह 11 से रात 8 बजे तक चलेंगे यह मेला। संस्थान की अध्यक्ष मीनू सिंह व सचिव मन्नू झा ने बातया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमिता और ग्रामीण कारीगरों को बढ़ावा देना है।

इस बार मेले में गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, बंगाल, बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों से उद्यमी भाग लेंगे। स्वदेशी कपड़े, जनजातीय भोजन आकर्षण का केंद्र रहेंगे। एडवेंचर गेम्स आकर्षण का केंद्र होंगे। मेला का मुख्य आकर्षण बांस के बने सामान को देखने खुद सीएम पहुंचे और कारीगरों के हुनर की सराहना की।

**आंगनबाड़ी सेविकाओं का स्टॉल** दीवाली मेले में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अपना स्टॉल लगाया। इस स्टॉल में विभिन्न तरह के पकवान एवं सब्जियों का प्रदर्शनी से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

## स्कूटी को टक्कर मारने के बाद दुकान में घुसी कार, आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल



**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पीपरटोली के पास गुरुवार को स्कूटी को टक्कर मारने के बाद, अनियंत्रित होकर एक स्विफ्ट कार जेएच-01 ईएस 5859 दुकान में घुस गई। इस घटना में स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया हे। जबकि अन्य आठ लोगों को भी चोट आयी है। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर अरगोड़ा थाना की पीसीआर गाड़ी मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार चालक को कब्जे में लेते हुए गाड़ी जब्त कर ली है। फिलहाल सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

**चालक ने डर कर गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी**

स्थानीय लोगों के अनुसार, कार तेज रफ्तार में आ रही थी। इस दौरान कार ने पहले स्कूटी को धक्का मारी। स्थानीय लोगों ने गाड़ी रोकने के लिए बोला, तो चालक ने डर कर गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। इसके बाद कार चालक ने अनियंत्रित होती हुई गाड़ी को एक दुकान में घुसा दिया। इस दौरान कार चालक ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को घायल कर दिया।

## स्मार्ट मीटर का विरोध करेगा सीपीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में बिजली चोरी रोकने के लिए तेजी से प्रीपेड स्मार्ट मीटर झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम द्वारा लगाया जा रहा है। रांची के कई इलाकों में स्मार्ट मीटर लगा भी दिए गए हैं। ऐसे में अब कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया मार्क्सवादी ने स्मार्ट मीटर को जनविरोधी बताते हुए इसके खिलाफ निर्णायक लड़ाई की घोषणा कर दी है।



सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने बिजली विभाग को पूरी तरह निजी हाथों में सौंप देने का षड्यंत्र करार दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे नवंबर महीने में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए सभी वामदलों का मोर्चा भी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में स्मार्ट मीटर का सबसे ज्यादा नुकसान आम उपभोक्ताओं को हो रहा है। झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर सत्यापित नहीं हैं। लिहाजा उपभोक्ताओं को उपभोग से अधिक का बिल आ रहा है। यह सुरक्षित भी नहीं है ऐसी संभावना भी व्यक्त की जा रही है। सीपीएम के प्रदेश सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि रेलवे के निजीकरण के खिलाफ सीपीएम रांची रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करेगा। जिसमें स्मार्ट बिजली मीटर का मुद्दा भी रहेगा। पार्टी के राज्य सचिव ने कहा कि हम सब प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार बिजली को पूरी तरह निजी हाथों में सौंपना चाहती है। उन्होंने कहा कि एक और आपत्ति यह है कि झारखंड में सरकार 100 यूनिट तक के बिजली का बिल माफ करती है। ऐसे में प्री पेड स्मार्ट मीटर लगने के बाद उन गरीब उपभोक्ताओं का क्या होगा यह बड़ा सवाल है। माकपा नेता ने कहा कि गरीब और छोटे छोटे उपभोक्ताओं द्वारा एक और दो बल्ब जलाने से बिजली चोरी नहीं होती बल्कि बड़े बड़े भ्रष्टाचारी अधिकारियों की मिलीभगत से की जाती है। उन्होंने कहा कि जल्द कुसई स्थित बिजली विभाग के मुख्यालय का भी घेराव किया जाएगा। सीपीएम की योजना जनसरोकार के इस मुद्दे को जनता के समर्थन से आंदोलन के रूप में चलाने की है।

## खबर एक नजर में

### मोहन साहू को घायल करनेवाले की गिरफ्तरी अविलंब हो : मोर्चा

**रांची।** लक्ष्मी नगर रातु रोड निवासी मोहन साहू के ऊपर कातिलाना हमला कर घायल करने वाले अपराधी को पुलिस अविलंब गिरफ्तार करे। साथ ही घायल मोहन साहू को सुरक्षा दे, क्योंकि अपराधी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने दी। वह, घायल मोहन साव से मिले और उन्हें सांत्वना भी दिया और कहा कि किसी बात की डरना नहीं है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आपके साथ है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि पुलिस प्रशासन अगर पूर्व में हरिनारायण साहू उर्फ मोहन साहू के परिजनों के साथ घर में घुसकर मारपीट की सूचना को समझौता में तब्दील न कर, उसी वक्त घटना का एफआईआर दर्ज कर लिया जाता तो शायद अपराधी आज मोहन साहू के ऊपर कातिलाना हमला नहीं करते। प्रदेश अध्यक्ष ने रांची पुलिस अधीक्षक से अपराधी को अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग की है।

### एसइसीएल के नये डीपी होंगे एमसीएल के जीएम बिरंची दास

**रांची।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल के नए डीपी बिरंची दास होंगे। लोक उद्यम चयन बोर्ड ने इस पद के लिए उनके नाम की अनुशंसा कर दी है। वह वर्तमान में एमसीएल में जीएम के तौर पर कार्यरत हैं। इस पद के लिए बोर्ड ने गुरुवार यानी 2 नवंबर को इंटरव्यू लिया। इसमें कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनी सहित देश के अन्य प्रतिष्ठानों के 12 अधिकारियों ने भाग लिया। इंटरव्यू के बाद बिरंची दास के नाम की अनुशंसा बोर्ड ने की। कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया से आदेश जारी होने के बाद वह पद संभालेंगे। इंटरव्यू में ईसीएल के जीएम रमेश चंद्र महापात्र, सीसीएल के जीएम हर्षद दातर, डब्ल्यूसीएल के जीएम पी नरेंद्र कुमार, बीसीसीएल के जीएम दिलीप कुमार बेहरा और बिद्युत साह, एमसीएल के जीएम बिरंची दास, एनसीएल के जीएम संदीप कुमार शाह, कोल इंडिया के जीएम गौतम बनर्जी, एनबीसीसी के सीनियर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मानस कविराज, सेल के जीएम टी जी कांकेर और संजय द्विवेदी, इंडियन रेलवे पर्सनल सर्विस के राजेंद्र कुमार अग्रवाल शामिल हुए।

### होटल मोती महल में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद फॉयर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू



**रांची।** राजधानी के चुटिया थाना क्षेत्र के क्लब रोड स्थित होटल मोती महल में गुरुवार को आग लग गयी। आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। लोगों ने आगलगी की जानकारी पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पाकर दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। होटल में आग कैसे लगी है, इसकी सही जानकारी अब तक सामने नहीं आयी है। हालांकि आशंका जतायी जा रही है कि शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी है। इस आग लगने की घटना में कितने का नुकसान हुआ है। इसका आकलन किया जा रहा है, इसके बाद ही नुकसान का पता चल पायेगा।

## सीबीएसइ स्पोर्ट्स गेम्स में डीपीएस के छात्रों का बजा डंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अपनी उत्कृष्ट एथलेटिकिज्म का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस के छात्रों ने सीबीएसई ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप सीबीएसई क्लस्टर एथलेटिक्स मीट और सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके अपने विधालय का नाम रौशन किया है। डॉ. डी वाई पाटिल स्कूल, पटना में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप 2023 में अंडर-14 गर्ल्स टीम (अणिमा ठाकुर, आद्या रंजन, क्याना मल्होत्रा और अनन्या झावर) चैंपियन बनीं, जबकि अंडर-19 गर्ल्स टीम (अदिति ठाकुर, वान्या मैनी, अदिति राज और स्वेता बिसोई) ने फर्स्ट रनरअप स्थान हासिल किया। अनिमा ठाकुर, आद्या रंजन, क्याना मल्होत्रा और अदिति राज ने बोर्ड पुरस्कार₹ भी हासिल किया क्योंकि उन्होंने अपने समूह के प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी को हराया था। अंडर-14 और अंडर-19 गर्ल्स टीम ने नवंबर माह में नोएडा में होने वाले इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए भी क्वालीफाई किया। इधर विकास विद्यालय मेंआयोजित सीबीएसई क्लस्टर में ओंकार श्रेष्ठ ने हाई जंप (लड़कों की अंडर -17 श्रेणी) में रजत पदक और लॉन्ग जंप (लड़कों की अंडर -17 श्रेणी) में कांस्य पदक हासिल किया, अर्शदीप सिंह ने लॉन्ग जंप में बॉयज (अंडर -19 श्रेणी) में रजत पदक प्राप्त किया। अर्शदीप सिंह, मानस सिंह राजपूत, श्रेयश विनय महाराज और सुनील जेस के समूह ने 4 400 मीटर रिले दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया। साथ ही, ओंकार श्रेष्ठ और अर्शदीप सिंह ने नवंबर माह में छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया। सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप 2023 में, फरहान अहमद ने अंडर - 17 लड़कों (81 किलोग्राम वजन वर्ग) में कांस्य पदक हासिल किया। चैंपियनशिप नॉलेज ग्राम इंटरनेशनल स्कूल, पटना में आयोजित की गई थी।



### रिम्स मेडिकल स्टूडेंट की मौत का मामला

## जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**रांची।** रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने डॉ मदन कुमार एम की मौत को आत्महत्या मानने से इंकार किया है। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जेडीए) ने डॉ मदन कुमार एम की हत्या की आशंका जाहिर की है। उन्होंने प्रबंधन से इस मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। छात्रों ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि कोई हत्या नहीं हुई है, तो जिस क्षेत्र में शव मिला है, उसके आसपास कोई ज्वलनशील पदार्थ या कोई कंटेनर क्यों नहीं मिला। साथ ही लाइटर या माचिस की तीली क्यों नहीं मिली। जूनियर डॉक्टर संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर जयदीप चौधरी ने कहा कि मृतक एफएमटी विभाग का चिकित्सक था। ऐसे में आत्महत्या के लिए इतना हिंसक तरीका कैसे अपना सकता था। इसके अलावा जूनियर चिकित्सकों ने कहा कि अगर आत्महत्या अवसादग्रस्त होने से किया है या कुछ परेशानी होती, तो सुसाइड नोट जरूर छोड़ता। पर उसके कमरे या उसके पास से ऐसा कुछ क्यों नहीं मिला। इसके अलावा हत्या की आशंका से अन्य पहलुओं पर रिम्स जेडीए ने प्रशासन से जांच की मांग की है।

### मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी इम्तियाज व सद्दाम की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी डोरंडा के मनी टोला का निवासी इम्तियाज अहमद, बड़ागाईं निवासी मोहम्मद सद्दाम हुसैन को आगे भी जेल में ही रहना पड़ेगा। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय ने गुरुवार को दोनों की ओर से दाखिल जमानत अर्जी सुनवाई पश्ात खारिज कर दी है। दोनों आरोपी को ईडी ने 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से दोनों जेल में है। अर्जी पर सुनवाई के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने कहा कि दोनों आरोपी जमीन दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली का सहयोगी है। फजीर्वाड़े में उसका साथ देता था। वहीं बचाव पक्ष की ओर से दलीलें दी गई कि आरोपी निर्दोष है। अदालत ने दोनों की दलीलें सुनने के पश्चत जमानत अर्जी खारिज कर दी। दोनों ने जमानत की गुहार लगाते हुये नौ अक्तूबर को अर्जी दाखिल की थी।

## रांची पहुंचे विश्व हॉकी महासंघ के अध्यक्ष दात्तो तयैब इकराम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रजधानी में झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 प्रतियोगिता का रोमांच जारी है। इस बीच गुरुवार को विश्व हॉकी महासंघ के अध्यक्ष दात्तो तयैब इकराम भी रांची पहुंचे। उनके आगमन पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में भव्यता के साथ ढोल नगाड़े और स्थानीय लोक संस्कृति के साथ उनका स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही उन्हें फूल माला और बुके से लाद दिया गया। उनके स्वागत कार्यक्रम में विशेष रूप से एशिया हॉकी महासंघ के उपाध्यक्ष सह हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, एशिया हॉकी महासंघ के निदेशक गुलाम घोष, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन सहित हॉकी झारखंड के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



गौरतलब है कि 3 नवंबर को हॉकी इंडिया की वार्षिक आम सभा रांची में ही होनी है। इसमें विभिन्न राज्यों के अध्यक्ष, महासचिव और हॉकी इंडिया के कार्यकारिणी समिति के सदस्य और अन्य भी शामिल हो रहे हैं। ऐसा पहली बार है जब झारखंड के खेल इतिहास में पहली बार अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। साथ ही हॉकी इंडिया की वार्षिक आम सभा का भी आयोजन होगा। इसके लिए देश के 28 राज्यों के अध्यक्ष, महासचिव और हॉकी इंडिया के कार्यकारी समिति के सदस्यों का आगमन हो रहा है।

### सीएमपीडीआइ में लेखन प्रतियोगिता एवं नैतिकता और सत्यनिष्ठा विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के भाग के रूप में सार्वजनिक जीवन में नैतिकता और सत्यनिष्ठा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए गुरुवार को भ्रष्टाचार उन्मूलन में युवाओं की भूमिका विषय पर सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची एवं क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के कर्मियों के कक्षा-8 से 12वीं तक के बच्चों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा, रांची के विभिन्न स्कूलों के कक्षा-9 से 12वीं तक के छात्रों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### अमित कुमार अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत पर हाइकोर्ट में सुनवाई 8 को

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अमित कुमार अग्रवाल और दिलीप घोष की जमानत याचिका पर सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में दिलीप घोष की ओर से बहस की गई। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि इस मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं है, इसलिए जमानत प्रदान की जाए। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर निर्धारित की है। दरअसल, ईडी कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम,अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआइआर 1/2023 दर्ज किया है।

## झारखंड में आज और कल गरज के साथ बारिश के आसार, बढ़ेगी ठंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखंड में तीन व चार नवंबर को बारिश के आसार हैं। तीन नवंबर को राज्य के कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। चार नवंबर को राज्य के उत्तर-पूर्वी एवं दक्षिण पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। इसके बाद सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान साफ रहेगा। राजधानी रांची और इसके आसपास के इलाके में तीन नवंबर को आंशिक बादल छाए रहेंगे। गरज के साथ बारिश की भी संभावना है। चार नवंबर को आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। इसके बाद सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान साफ रहेगा। मौसम विभाग की मानें, तो राज्य में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिन इसमें धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।



**आज 12 जिलों में बारिश के आसार**

मौसम केंद्र प्रमुख अभिषेक आनंद ने जानकारी दी कि रांची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्मिी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम जिले में तीन नवंबर को गरज के साथ बारिश हो सकती है। बारिश के बाद जब आसमान साफ होगा, तो ठंड का एहसास अधिक होगा। हालांकि, अभी दो-तीन दिन तक तापमान में वृद्धि होगी।

**तापमान से गिरावट से बढ़ेगी ठंड**

झारखंड की राजधानी रांची समेत दर्जनभर जिलों में बारिश की संभावना है। इसके बाद ठंड बढ़ जाएगी. कोहरा या धुंध भी आसमान में छाएंगे। भारत मौसम विज्ञान विभाग के रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख ने बताया कि गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। इससे तापमान में गिरावट आएगी और ठंड बढ़ेगी। हालांकि, अगले दो-तीन दिन तक तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होगी, लेकिन उसके बाद तापमान में इतनी ही गिरावट आएगी। रांची का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेंटीग्रेड तक आ सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान घटकर 16 डिग्री हो जाने का अनुमान है।

**पिछले 24 घंटे के दौरान तापमान में वृद्धि**

झारखंड के बाकी 23 जिलों के तापमान में पिछले 24 घंटे के दौरान वृद्धि हुई है। 0.5 डिग्री से लेकर 2.6 डिग्री सेंटीग्रेड तक तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। गुरुवार को सबसे अधिकतम तापमान गोड्डा में 33.8 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। किसी भी जिले में बारिश नहीं हुई। सबसे कम 0.5 डिग्री अधिकतम तापमान में वृद्धि पलामू में दर्ज की गई, जबकि सबसे अधिक 2.6 डिग्री सेंटीग्रेड की वृद्धि लोहरदगा में दर्ज की गई। मौसम केंद्र के प्रमुख ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का मौसम शुष्क रहा।

# कतर में प्रवासी भारतीयों ने किया बिहार-जोहार सांस्कृतिक परिषद के स्थापना दिवस का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** कतर देश में बिहार और झारखंड के प्रवासी भारतीय समुदाय ने बिहार जोहार सांस्कृतिक परिषद के स्थापना समारोह को भव्यता से मनाया। यह संस्था कतर की पहली पारिवारिक सांस्कृतिक संस्था है जिसकी संस्थापिका एवं अध्यक्षा बिहार आरा की बेटी एवं रांची झारखंड की बहू हैं। इन्होंने सभी बिहार और झारखंड वासियों को एकसूत्र में बांधकर अपने राज्य एवं देश को गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर सैकड़ों बिहार झारखंड के प्रवासियों की उपस्थिति में संस्थापिका सह अध्यक्षा स्मृति त्रिवेदी ने बिहार और झारखंड के अद्भुत गौरवशाली इतिहास और संस्कृति पर प्रकाश डाला। अनेक रंगारंग नृत्य एवं लोकगीतों से बिहारी जोहारी प्रवासी भारतीय झूम उठे एवं भाव विभोर हो गए । इन शानदार प्रस्तुतियों से बिहार-झारखंड के सांस्कृतिक धरोहर को हर्ष और उल्लास के साथ विदेश की धरती पर प्रदर्शित करना बहुत ही गर्व करने वाला और मर्मस्पर्शी क्षण था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि (इण्डियन कल्चरल सेंटर) कतार के प्रेसिडेंट मनिकन्नट्न ने बिहार झारखंड समाज को बधाई दी और बिहारी इतिहास और संस्कृति को प्रेरणाश्रोत बताया। भारतीय दूतावास ने भी बधाई के साथ ही कतार में बिहार जोहार सास्कृतिक परिषद के स्थापना को सराहनीय कदम बताया। आईसीसी (इंडियन कल्चर सेंटर) के उपाध्यक्ष एवं महासचिव ने भी कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान श्लेषा, श्वेता, रिया और सलोनी के नृत्य ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया । स्मृति त्रिवेदी, राघवेंद्र, सरिता सिंह और रजनी के गायन ने सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। विमलेश, श्लेषा और आरती के मंच संचालन ने सभी दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। कार्यक्रम की सफलता के लिए जेनरल सेक्रेटरी विवेक राय ने अपने ओजस्वी अन्दाज में सबका धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर योगदान दिया। प्रवीण त्रिवेदी, मुस्सरत इमाम, शफ्कत नबी,मनीष, नीलांसु, अमृता, मनुज, अर्चना और सत्येन्द्र पाठक का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में दोहा के प्रसिद्ध आरजे कबीर के रैप ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।

## आज का राशिफल 03-11-2023

**मास** : कार्तिक, **पक्ष** : कृष्ण, **तिथि** : षष्ठी 23:08 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : पुनर्वसु अहोरात्र। **योग** : सिद्ध 12:53 बजे समाप्त। **करण** : गर 10:25 बजे तक, तदनंतर वणिज 23:08 बजे समाप्त। चंद्रायु 19.3 घंटे।

**मेष** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

**वृष** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शुभांक-3-5-6

**कर्क** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-5-7

**सिंह** : मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-5

**तुला** : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-6-8

**वृश्चिक** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। शुभांक-3-5-6

**धनु** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-2-4-5

**मीन** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-1-3-5

# आध्यात्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और वैचारिक प्रदूषण से बचें : डॉ एनपी तिवारी

## रांची में वेदांत रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में चार दिवसीय अधिवेशन शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** वेदांत रिसर्च सेंटर के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अधिवेशन गुरुवार को आइएमए परिसर में शुरू हुआ। पहले दिन के प्रथम सत्र में 15 राज्यों से आये बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम मंच का संचालन नुपूर ने किया। साथ ही, इनर व्हील स्वर्णरेखा की अनेक सदस्यों ने अपना योगदान दिया।

वेदांत रिसर्च सेंटर के अध्यक्ष डॉ एचपी नारायण की अध्यक्षता में आगंतुक अतिथियों ने समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

पहले सत्र में उद्घाटन भाषण आइसीपीआर के पूर्व अध्यक्ष डॉ आरसी सिन्हा ने दिया। इन्होंने वेदांत दर्शन के आधुनिक काल के मनीषी केसी भट्टाचार्य व अरविंद के विचारों से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात डॉ एनपी तिवारी ने आध्यात्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व वैचारिक प्रदूषण से बचने की बात कही।

प्रथम अकादमिक सत्र में डॉ पूनम सिंह ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर अपने विचार रखे। तत्पश्चात प्रो डॉ सरस्वती मिश्रा ने अपने विचार से अवगत कराया। डॉ नीलिमा पाठक ने वेदांत में प्रभुत्व संरक्षण विधि पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में डॉ इंदिरा पाठक ने विषय प्रवेश कराया। नीता नारायण ने इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची के बारे में बताया।

द्वितीय एकेडमिक सत्र में डॉ रीता शर्मा ने वेदांतसार में अनुबंध चतुष्टय, डॉ आभा झा ने शंकर पूर्व वेदांत, सुनीता मेहता ने वेदांत और मैनेजमेंट, डॉ पूनम सखुजा ने सिख धर्म में वेदांत आदि विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का समापन सत्र सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत हुआ। कार्यक्रम में डॉ मल्लिका कुमारी, डॉ पानू कुमारी सहित अनेक शोधार्थी उपस्थित थे। डॉ तान्या नारायण ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का इंडियन बैंक में आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय, रांची 30 अक्टूबर 2023 से 5 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। इसी क्रम में इंडियन बैंक ने भ्रष्टाचार के खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए गुरुवार (2 नवंबर) को अंचल कार्यालय रांची से सिरमटोली चौक तक रोड शो (वॉकथन) का आयोजन किया।

इस आयोजन का नेतृत्व अंचल प्रबंधक एफआर बोखरी ने किया। इसके अलावा, इस वॉकथन में उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार, सहायक महाप्रबंधक कुमार दिग्विजय, रांची शहर के सभी शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं अंचल कार्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान बैनर एवं फ्लैगकार्ड द्वारा सभी को यह संदेश दिया गया कि भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें।

# डोरंडा काली पूजा के लिए भूमि पूजन संपन्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर के बगल में काली पूजा के लिए बृहस्पतिवार को भूमि पूजन संपन्न हुआ। भूमि पूजन में मुख्य जजमान स्वरूप समिति के मुख्य संरक्षक कुणाल अजमानी उपस्थित थे। पुजारी रणधीर मिश्रा ने पूजा संपन्न कराया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वरूप विधायक सीपी सिंह एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री देवी सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि इस वर्ष प्रथम बार मां काली की प्रतिमा की स्थापना इस स्थान पर की जा रही है। यह बहुत ही उल्लेखनीय कार्य है।

श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत श्रीसूर्य नारायण दास त्यागी जी का भी आशीर्वाद संस्था को प्राप्त हुआ। भूमि पूजन में मुख्य रुप से समिति के अध्यक्ष श्यामानंद पांडे, डॉक्टर दिलीप सोनी, राजेंद्र केसरी, शंभू प्रसाद, रोहित शारदा, बादल कुमार सिंह, समीर सिंह,अमित गुप्ता, महेश सोनी,रोहित पांडे,इंद्रजीत कुमार, श्यामा नन्द पांडेय, बॉबी वर्मा, नन्दराज तिवारी, मनीष गुप्ता, विक्रम शर्मा, आदित्य तिवारी, जितेंद्र वैष्णव, अमन सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# डीएसपीएमयू के एमबीए कोर्स में एडमिशन को आज ओपन रहेगा पोर्टल

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी (डीएसपीएमयू) के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के लिए एमबीए कोर्स में एडमिशन फार्म जमा के लिए तीन नवंबर तक चासंलर पोर्टल ओपन रहेगा। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डायरेक्टर डॉ. अशोक नाग ने बताया कि प्रवेश परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जाएगी। बताते चलें 100 सीटों पर एडमिशन के लिए प्रक्रिया चल रही है। प्रति सेमेस्टर शुल्क 25000 रुपये है।

# सीसीएल ने किया सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की ओर से बीते 1 नवंबर से शुरू होने वाले सांस्कृतिक उत्सव, सतर्क महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें एनएसएस सदस्यों ने बीआईटी लालपुर का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान छात्रों की ओर से गीत प्रदर्शन, स्ट्रीट पेंटिंग, रंगोली आदि जैसे कई प्रतिस्पर्धी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

एनएसएस के समन्वयकों ने दरभंगा हाउस में इन कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों की बड़ी संख्या में भागीदारी हुई। जरूरतमंदों की मदद के लिए पुराने कपड़े भी दान किए गए। यह आयोजन 3 दिनों तक चलेगा। एनएसएस के संयोजक डॉ अभय रंजन श्रीवास्तव और डॉ संदीप नाथ शाहदेव ने एनएसएस के सदस्यों के साथ बीआईटी लालपूर का नेतृत्व किया।

आयोजन को सफल बनाने में एनएसएस सदस्य, निकिता, आयुषी व्यास, आदित्य, आस्था, आयुषी दीक्षित, सिमरन, अनीश, सुप्रित, सुशांत और कई अन्य लोगों ने सराहनीय भूमिका निभायी।

# विश्वास है, एक दिन हम भी पुनरूत्थान का जीवन प्राप्त करेंगे : आर्चबिशप टोप्पो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** हमारा विश्वास है कि एक दिन हम भी पुनरूत्थान का जीवन प्रप्त करेंगे। इसके लिए जरूरी है। कि हम परमेश्वर के वचनों पर विश्वास करें। ये बातेआर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने गुरूवार को मृत विश्वासियों के पर्व के मौके पर कहीं। कैथोलिक विश्वासियों ने मृत विश्वासियों का पर्व मनाया। इस मौके पर कांटाटोली स्थित कब्रिस्तान में विशेष आराधना हुई। आराधना में मुख्य अनुष्ठाता के रूप में उपस्थित आर्चबिशप ने मिस्सा अनुष्ठान के दौरान उपदेश में विश्वासियों को कहा कि मसीही विश्वास का आधार पुनरूत्थान है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रभु यीशु मसीह क्रूस मृत्यु के तीसरे दिन मृतकों में से जी उठें यहीं पुनरूत्थान की घटना है जिसको हम विश्वास के साथ अंगीकार करते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद ने डीआरएम से मिलकर सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** छठ महापर्व को ध्यान रखते हुये गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् का प्रतिनिधि मंडल दक्षिणी पूर्वी रेलवे के डीआरएम कार्यालय के निशांत कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा। रांची जयनगर ट्रेन प्रतिदिन चलाने की मांग की। दीपावली एवं छठ पर पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का भी आग्रह किया। रांची-जयनगर ट्रेन में आरक्षित कोच की संख्या बढ़ाने को कहा। निशांत कुमार ने ज्ञापन लेने के बाद कहा कि परिषद् के माध्यम से मिथिला को ध्यान में रखकर दक्षिणी पूर्वी रेलवे कुछ न कुछ निर्णय लेगी। प्रतिनिधिमंडल में अमरनाथ झा, अजय झा, विलट पोद्दार, अवध किशोर सिंह शामिल थे।

# कृष्णेंदु साहा ने जीडी गोयनका स्कूल में दी डार्विन डांस की प्रस्तुति

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** देश के उभरते डार्विन डांस कलाकार कृष्णेंदु साहा ने जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में डार्विन डांस की सुंदर प्रस्तुति दी। आम तौर पर लोग इस नृत्य से अनजान से हैं। इस नृत्य की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें मानव सभ्यता के अलग-अलग कालखंडों के अनुसार मनुष्य के विकास और विनाश को, फिर पुनः नवजीवन के अंकुरण को, साथ ही प्रकृति की अनंत यात्रा में छुपे हुए दर्शन को बड़ी जीवंतता के साथ दर्शाया जाता है। इस नृत्य में हम आध्यात्मिकता का भी सुंदर दर्शन कर पाते हैं।

इस नृत्य के पूरे दर्शन को कृष्णेंदु साहा ने अपने नृत्य के माध्यम से साकार रूप से समझने और समझाने का अद्भुत प्रयास किया। बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ इस नवीन नृत्य कला को एंजॉय किया। इस अवसर पर आमंत्रित मुख्य अतिथि ओडीएम सफायर इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल अमित सिंह ने कहा कि डार्विन नृत्य में मनुष्य के जीवन का पूरा दर्शन समाहित है। मुख्य अतिथि नन्हें कदम की निदेशक सुश्री विभा सिंह ने नृत्य कलाकार कृष्णेंदु साहा के आत्मविभोर कर देने वाले नृत्य की भूरी-भूरी प्रसंशा की।

उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नृत्य की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। विद्यालय के उप निदेशक अमन सिंह ने दोनों मुख्य अतिथियों को मोमेंटम देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉ सुनील कुमार ने कृष्णेंदु साहा को उनके अप्रतिम कला के लिए अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

# चडरी सरना समिति के प्रांगण में होगा काली पूजा पंडाल का निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** चडरी सरना समिति के प्रांगण में काली पूजा का आयोजन को लेकर पंडाल निर्माण को लेकर भूमि पूजन का आयोजन किया गया। भूमि पूजन में मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक जितेंद्र सिंह पूजा समिति के अध्यक्ष सबलू मुंडा, विक्की मुंडा और सचिन लाल ने किया। भूमि पूजन का सभी वैदिक कार्यक्रम पंडित विनोद मिश्रा के द्वारा संपन्न हुआ।

पूजा समिति के अध्यक्ष सबलू मुंडा ने कहा कि ग्राम वासियों के लिए समिति के सभी पदाधिकारी सदस्यों के लिए और झारखंड वासियों के सुख समृद्धि के लिए काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, पूजा समिति के संरक्षक जितेंद्र सिंह, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, अमित दास, राहुल सिंह, शंकर लिंडा, आनंद मुंडा, सागर भगत, रवि सिंह, चिंटू राय, लल्लू सिंह, जय वर्मा, विश्वास उरांव, अजीत नायक, सचिन सोनी, विकी सोनी, राहुल मुंडा, मुन्ना उरांव, विकी मुंडा, नयन लिंडा, पनीर मुंडा, भीम मंडल, दीपू वर्मा, भोला केसरी, प्रेम लिंडा, संजू खालको, राहुल मुंडा, प्रकाश मंडा इनके अलावा और भी सदस्य उपस्थित थे।


## AFFIDAVIT

I, **AWADHESH KUMAR YADAV** S/o Tej Bahadur Yadav, aged about 35 years, resident of Flat No. 104, Madhuban Apartment, Lower Hatia, Near Sunday Market, P.O. - Hatia, P.S.-Jagarnathpur, District-Ranchi (Jharkhand) - 834003, do hereby solemnly affirm and declare on oath as follows:-
1. That, my name is mentioned in my all educational certificates, voter I.D. card, Bank's Account as "**AWADHESH KUMAR**".
2.That, now I intend to add my "Title" '**YADAV**' in my name i.e.**AWADHESH KUMAR YADAV** in place of **AWADHESH KUMAR**.
3. That, from today I will known by "**AWADHESH KUMAR YADAV**" in place of '**AWADHESH KUMAR**'.
4.That, the statements made above are true and correct and nothing has been concealed in it.
5. That I am swearing this affidavit to submit if before authority concerned for needful purpose.
Sworn and signed this affidavit at Ranchi on this the 1st day of November 2023.
affidavit No. 23

## शमी-सिराज का कहर, 55 रनों पर सिमटी श्रीलंका, वर्ल्ड कप इतिहास में भारतीय टीम की सबसे बड़ी जीत

# वर्ल्ड कप में भारत का परफेक्ट '7' शान से सेमीफाइनल में



एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। रोहित सेना टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली टीम है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर भारतीय टीम को 302 रनों से जीत मिली। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और विराट कोहली के अर्धशतक के बाद श्रेयस अय्यर की ताबडतोड़ बल्लेबाजी से भारत ने श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट पर 357 रन बनाए। भारत की पेस बॉलिंग के खिलाफ शुरूआत में ही श्रीलंका ने हथियार डाल दिए। उनकी पारी 55 रनों पर सिमट गई। यह वर्ल्ड कप इतिहास में श्रीलंका सबसे छोटा स्कोर है। यह वर्ल्ड कप में किसी टेस्ट प्लेइंग देश का भी सबसे छोटा स्कोर है। इस हार के बाद श्रीलंका के सेमीफाइनल में जाने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है।

### दूसरी ही गेंद पर आउट हुए रोहित

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने मैच की दूसरी ही गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया। रोहित ने मदुशंका की पहली गेंद पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। श्रीलंका के गेंदबाजों को इसके बाद अगली सफलता के लिए 29 ओवर से अधिक का इंतजार करना पड़ा। कोहली और गिल ने सतर्क शुरूआत के बाद मैदान के चारों तरफ रन जुटाए। कोहली 10 रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब छठे ओवर में दुष्मंता चमीरा ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका दिया। भारतीय बल्लेबाज ने इसी ओवर में दो चौके मारे। विराट कोहली ने दुशान हेमंता की गेंद पर दो रन के साथ 50 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि गिल ने भी इस लेग स्पिनर पर चौके के साथ 55 गेंद में 50 रन के आंकड़े को पार किया। गिल मदुशंका पर चौके के साथ 90 रन तक पहुंचे लेकिन इसी ओवर में थर्ड मैन पर शॉट खेलने की कोशिश में विकेटकीपर कुसाल मेंडिस को कैच दे बैठे। मदुशंका ने अपने अगले ओवर में धीमी गेंद पर कोहली को भी शॉर्ट कवर पर पाथुम निसांका के हाथों कैच कराके भारत को दोहरा झटका दिया।

### गिल ने किया कमाल

वहीं, शुभमन गिल ने भी श्रीलंका के खिलाफ 55 गेंद में अर्धशतक जड़ा। यह उनके वनडे करियर का 11वां अर्धशतक रहा। इस कैलेंडर ईयर में यह उनका वनडे में 12वां 50+ का स्कोर रहा, जो कि सबसे ज्यादा है। इनमें पांच शतक (एक दोहरा शतक) और सात अर्धशतक शामिल हैं। इस मामले में वह श्रीलंका के पथुम निसांका और पाकिस्तान के बाबर आजम से आगे निकल गए। शुभमन के 12 50+ के स्कोर में 70, 116, 208, 112, 85, 67*, 58, 121, 74, 104, 53 और 92 रन (इस मैच में) की पारी शामिल है। शुभमन गिल 92 गेंद में 92 रन बनाकर आउट हुए। इस दौरान उन्होंने 11 चौके और दो छक्के लगाए।

### विराट ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड



भारत और श्रीलंका के बीच मुंबई के वानखेड़े में विराट कोहली ने खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने वनडे में आठवीं बार एक कैलेंडर ईयर में 1000 रन पूरे किए। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। सचिन ने वनडे में सात बार एक कैलेंडर ईयर में हजार रन पूरे किए थे। वहीं, कोहली आठ बार के साथ सचिन से आगे निकल गए हैं। विराट ने मैच में वनडे करियर का 70वां अर्धशतक भी लगाया। विराट कोहली को दिलशान मदुशंका ने निसांका के हाथों कैच कराया। वह 94 गेंद में 11 चौके की मदद से 88 रन बनाकर आउट हुए। इस साल कोहली ने अब तक 23 वनडे मैचों में 20 पारियां खेली हैं और 1054 रन बना लिए हैं। इनमें चार शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। नाबाद 166 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही है। संगकारा छह बार हजार रन के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। कोहली ने 50 गेंद में अर्धशतक जड़ा। यह उनके वनडे करियर का 70वां अर्धशतक रहा। वहीं, इस विश्व कप में उनका यह पांचवां 50+ का स्कोर रहा। इस पारी से पहले तक उन्होंने तीन अर्धशतक और एक शतक लगाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट ने 85, अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 55, बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 103, न्यूजीलैंड के खिलाफ 95 रन की पारी खेली थी। विराट का यह चौथा वनडे विश्व कप है और वह 13 बार 50+ का स्कोर कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 33* पारी खेली हैं। श्रीलंका के खिलाफ 33वीं पारी है। विराट ने विश्व कप में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर के मामले में श्रीलंका के कुमार संगकारा और रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया।

## विश्व कप में भारत के सबसे सफल गेंदबाज बने शमी, जहीर खान और जवागल श्रीनाथ का रिकॉर्ड तोड़ा

### भारत 357/8 (50 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो. मदुशंका | 04 | 02 | 01 | 00 |
| गिल कै. मेंडिस बो. मदुशंका | 92 | 92 | 11 | 02 |
| कोहली कै. निसंका बो. मदुशंका | 88 | 94 | 11 | 00 |
| अय्यर कै. थीक्षाना बो. मदुशंका | 82 | 56 | 03 | 06 |
| राहुल कै. हेमंथा बो. चमीरा | 21 | 19 | 02 | 00 |
| सूर्यकुमार कै. मेंडिस बो. मदुशंका | 12 | 09 | 02 | 00 |
| रवींद्र जडेजा रन आउट | 35 | 24 | 01 | 01 |
| मोहम्मद शमी रन आउट | 02 | 04 | 00 | 00 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 20

**विकेट पतन** : 4-1, 193-2, 196-3, 256-4, 276-5, 333-6, 355-7, 357-8.

**गेंदबाज** :दिलशान मदुशंका : 10-0-80-5, दुशमंथा चमीरा : 10-2-71-1, कसुन राजिता : 9-0-65-0, एंजेलो मैथ्यूज : 3-0-11-0, महीश थीक्षाना : 10-0-67-0, दुशान हेमंथा : 8-0-52-0.

### श्रीलंका 55/10 (19.4 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| निसंका एलबीडब्ल्यू बुमराह | 00 | 01 | 00 | 00 |
| करुणारत्ने एलबीडब्ल्यू सिराज | 00 | 01 | 00 | 00 |
| कुसल मेंडिस बो. सिराज | 01 | 10 | 00 | 00 |
| समारविक्रमा कै. अय्यर बो. सिराज | 00 | 04 | 00 | 00 |
| असलंका कै. जडेजा बो. शमी | 01 | 24 | 00 | 00 |
| एंजेलो मैथ्यूज बो. शमी | 12 | 25 | 01 | 00 |
| हेमंथा कै. राहुल बो. शमी | 00 | 01 | 00 | 00 |
| चमीरा कै. राहुल बो. शमी | 00 | 06 | 00 | 00 |
| महीश थीक्षाना नाबाद | 12 | 23 | 02 | 00 |
| राजिता कै. गिल बो. शमी | 14 | 17 | 02 | 00 |
| मदुशंका कै. अय्यर बो. जडेजा | 05 | 06 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** :10

**विकेट पतन** : 0-1, 2-2, 2-3, 3-4, 14-5, 14-6, 22-7, 29-8, 49-9, 55-10.

**विकेट पतन** : जसप्रीत बुमराह : 5-1-8-1, मोहम्मद सिराज : 7-2-16-3, मोहम्मद शमी : 5-1-18-5, कुलदीप यादव : 2-0-3-0, रवींद्र जडेजा : 0.4-0-4-1.

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 07 | 07 | 00 | 14 | +2.102 |
| द. अफ्रीका | 07 | 06 | 01 | 12 | +2.290 |
| ऑस्ट्रेलिया | 06 | 04 | 02 | 08 | +0.970 |
| न्यूजीलैंड | 07 | 04 | 03 | 08 | +0.484 |
| पाकिस्तान | 07 | 03 | 04 | 06 | -0.024 |
| आफगनिस्तान | 06 | 03 | 03 | 06 | -0.718 |
| श्रीलंका | 07 | 02 | 05 | 04 | -1.162 |
| नीदरलैंड्स | 06 | 02 | 04 | 04 | -1.277 |
| बांग्लादेश | 07 | 01 | 06 | 02 | -1.446 |
| इंग्लैंड | 06 | 01 | 05 | 02 | -1.652 |

मोहम्मद शमी ने विश्व कप में इतिहास रच दिया है। श्रीलंका के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े में उन्होंने सनसनीखेज प्रदर्शन किया। शमी ने पांच विकेट अपने नाम किए। उनकी कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत टीम इंडिया ने लगातार सातवीं जीत हासिल की। शमी ने इस विश्व कप में दूसरी बार पांच विकेट लिए। वह विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। उनके विश्व कप में अब 45 विकेट हो गए। उन्होंने जहीर खान और जवागल श्रीनाथ को पीछे छोड़ा। जहीर और श्रीनाथ ने 44-44 विकेट लिए थे। शमी ने 14 पारियों में ही 45 विकेट हासिल कर लिए। जहीर ने 23 पारियों में 44 और श्रीनाथ ने 33 पारियों में 44 विकेट लिए थे।

### शमी ने की स्टार्क की बराबरी

शमी ने पांच विकेट लेकर मिचेल स्टार्क की बराबरी कर ली। शमी ने विश्व कप में तीसरी बार पांच या उससे अधिक विकेट लिए हैं। इस मामले में वह स्टार्क (तीन) के बराबर पहुंच गए। उन्होंने वनडे में चौथी बार मैच में पांच या उससे अधिक विकेट लिए। वह भारत के लिए चार बार ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने हरभजन सिंह और जवागल श्रीनाथ का रिकॉर्ड तोड़ा। दोनों ने तीन-तीन बार मैच में तीन-तीन विकेट लिए थे। विश्व कप में ओवरऑल सबसे बड़ी जीत की बात करें तो इस मामले में ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर है। उसने इसी संस्करण में नीदरलैंड के खिलाफ दिल्ली में 309 रन से जीत हासिल की थी। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 357 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 55 रन पर सिमट गई। वनडे में भारत के खिलाफ यह उसका दूसरा न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले इसी साल एशिया कप में वह 50 रन पर ऑलआउट हो गई थी।




**मैन ऑफ द मैच मोहम्मद शमी**

विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट
- 45 मोहम्मद शमी
- 44 जवागल श्रीनाथ
- 44 जहीर खान
- 33 जसप्रीत बुमराह
- 31 अनिल कुंबले

**मैच के बाद शमी का बयान**

हमारी गेंदबाजी अच्छी स्थिति में है और जिस तरह की लय (तेज गेंदबाजों की फॉर्म के बारे में बात करें) में हम हैं, हर कोई आनंद ले रहा है और हर कोई एक-दूसरे की सफलता से खुश है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हम एक इकाई के रूप में गेंदबाजी कर रहे हैं। इसी कारण आपको ऐसा परिणाम देखने को मिल रहा है। मैं हमेशा अच्छे क्षेत्रों में गेंदबाजी करने और अच्छी लय में रहने की कोशिश करता हूं।

**वनडे विश्व कप में सर्वाधिक 50+ स्कोर**
- 21 - सचिन तेंदुलकर (44 पारी)
- 13 - विराट कोहली (33 पारी)
- 12 - कुमार संगकारा (35 पारी)
- 12 - शाकिब अल हसन (35 पारी)
- 12 - रोहित शर्मा (24 पारी)

**इस साल वनडे में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर**
- 12-शुभमन गिल*
- 11- पथुम निसांका
- 11- बाबर आजम
- 10- रोहित शर्मा
- 10-विराट कोहली

**भारत के लिए सबसे कम पारियों में 2000 वनडे रन**
- 38 पारी-शुभमन गिल
- 48 पारी- शिखर धवन
- 49 पारी- श्रेयस अय्यर*
- 52 पारी- नवजोत सिद्धू
- 52 पारी- सौरव गांगुली

### विराट का श्रीलंका के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड

**श्रीलंका** के खिलाफ विराट की पिछली आठ पारियां इस प्रकार रही हैं- 49, 53, 66, 139*, 113, 4, 166* और इस मैच में 88 रन। वहीं, वानखेड़े में भी विराट का बल्ला जमकर बोला है। उन्होंने यहां 35, 86, 7, 121, 16, 4, 88 रन की पारियां खेली हैं। विराट और शुभमन के बीच 189 रन की साझेदारी हुई, जो इस विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। इस मामले में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ की गई साझेदारी को पीछे छोड़ा। श्रेयस अय्यर ने मैच में 56 गेंद में 82 रन की पारी खेली। अपनी पारी के दौरान उन्होंने तीन चौके और छह छक्के लगाए। श्रेयस ने वनडे में 2000 रन भी पूरे कर लिए। उन्होंने भारत के लिए तीसरा सबसे तेज दो हजार रन पूरे किए। भारत के लिए वनडे में सबसे तेज दो हजार पूरे करने का रिकॉर्ड शुभमन गिल के नाम है। उन्होंने 38 पारियों में ऐसा किया था। वहीं, दूसरे नंबर पर शिखर धवन हैं। उन्होंने 48 पारियों में ऐसा किया था।

## नीदरलैंड के खिलाफ स्पिन आक्रमण से दावेदार होगा अफगानिस्तान

एजेंसी

**लखनऊ।** अफगानिस्तान की टीम अपने बेहतरीन स्पिन आक्रमण की बदौलत शुक्रवार को नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले विश्व कप मुकाबले में इकाना की पेचीदा पिच पर प्रबल दावेदार होगी और वह इस मैच में दो महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के साथ अपना नेट रन रेट भी बढ़ाने का प्रयास करेगी। अफगानिस्तान के छह अंक हैं जबकि हालैंड के चार अंक हैं जिससे सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए वह बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी ताकि उसके नेट रन रेट में इजाफा हो। अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने जिस तरह से पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी टीमों को मात देने में अहम भूमिका निभायी, उससे दिखता है कि गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ उसकी जीत महज तुक्का नहीं थी। एशेज जीतने वाली इंग्लैंड टीम का हिस्सा रहे जोनाथन ट्रॉट अफगानिस्तान के कोच हैं और उन्होंने टीम के खिलाड़ियों में वैसा ही जज्बा भर दिया है जैसा वह अपने खेल के दिनों में दिखाया करते थे। अफगानिस्तान ने अपने पद्धतिगत दृष्टिकोण और शानदार जज्बे से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। जिस तरह कीनिया ने 2003 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था, वैसे ही अफगानिस्तान की टीम भी उम्मीद कर रही होगी कि हालैंड के खिलाफ नतीजा उनके पक्ष में जाये। क्योंकि इस मैच के बाद उन्हें सात नवंबर को आस्ट्रेलिया और फिर 10 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना है।




### सुल्तान जोहोर कप के सेमीफाइनल भारतीय जूनियर्स जर्मनी से भिड़ने को तैयार

**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप से पहले अपने मनोबल में इजाफा करने के इरादे से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 के सेमीफाइनल में शुक्रवार को विश्व नंबर दो जर्मनी को कड़ी टक्कर देगी। गत चैंपियन भारत जोहोर कप में अब तक का अजेय रही है। भारत ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ 3-3 से रोमांचक ड्रॉ खेला जबकि भारतीय लड़कों ने मलेशिया को 3-1 से और न्यूजीलैंड को 6-2 से हराकर पूल बी में शीर्ष स्थान के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### मुश्ताक अली: विदर्भ के खिलाफ दिल्ली की आसान जीत

**मुल्लनपुर।** विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत (68) की शानदार अर्धशतकीय पारी और चुस्त गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली ने मुश्ताक अली ट्राफी के क्वार्टर फाइनल में विदर्भ के खिलाफ 39 रन की आसान जीत हासिल की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा ने मुबंई को तीन विकेट से हरा कर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। मुबंई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये आठ विकेट पर 148 रन बनाये जिसके जवाब मे बड़ौदा ने विजय लक्ष्य सात गेंद शेष रहते सात विकेट खोकर हासिल कर लिया।

### खेल भावन के साथ खेलें : सुजय विश्वास



रांची। सीआइएसएस तीसरा नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता की शुरूआत गुरूवार को बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम खेल गांव में हुई। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि सुजय विश्वास ऑब्जर्वर आईसीआई ने कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल में भाग लेना ही बहुत बड़ी बात होती है,हार जीत सेकेंडरी है। इस प्रतियोगिता में अंडमान तेलंगाना बिहार झारखंड छत्तीसगढ़ कर्नाटक केरल मध्य प्रदेश महाराष्ट्र गोवा नॉर्थ इंडिया नॉर्थ वेस्ट उड़ीसा तमिलनाडु उत्तर प्रदेश उत्तराखंड वेस्ट बेंगल नॉर्थ ईस्ट के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं इसमें कुल 13 राज्यों के 232 लड़के और 160 लड़कियां कुल मिलाकर 392 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। गुरूवार को दोनो ही वर्गो की प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। इस मौके पर फादर मनोज, जेजे एडविन, सी फ्रांसिस, जे एडवीन, आनंद बिहारी दुबे महासचिव झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन, बिनय सिन्हा दीपू, राजीव वर्मा झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन, मुकुल टोप्पो मौजूद थे।

### खो-खो टीम का चयन 5 को लीची बागान प्रांगण में

रांची। रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय लीची बागान प्रांगण, धुर्वा में दिनांक 5 नवम्बर को प्रात: छ: बजे से प्रात: नौ बजे तक बालक-बालिका टीम का चयन किया जायेगा। इस खुली चयन प्रतियोगिता में रांची जिला के कोई भी विधालय, क्लब, ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक खिलाड़ी अपना आधार कार्ड लेकर सीधे सीधे भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का उम्र 17 दिसंबर 2023 को 14 वर्ष से कम होना चाहिये। खुली चयन प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी दिनांक 15 से 17 नवम्बर तक बोकारो में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय सबजुनियर बालक-बालिका खो .खो प्रतियोगिता में रांची जिला का नेतृत्व करेगा। इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीयन 4 नवम्बर के शाम 6 बजे तक रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के प्रशिक्षक विवेक कुमार एवं सौम्या सेजल वर्मा के पास रिपोर्ट करेंगे। यह जानकारी रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

## हॉकी खिलाड़ियों के गांव में मैच का सीधा प्रसारण, ग्रामीणों में उत्साह

**महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का रोमांच चरम पर है। झारखंड की राजधानी में मैच खेले जा रहे हैं। शहर में मैच लाइव देखने के लिए लोगों की भीड़ काफी उमड़ रही है। इसके अलावा प्रदेश के ग्रामीणों इलाकों में भी हॉकी रोमांच देखा जा रहा है। क्योंकि सरकार के द्वारा ग्रामीण इलाकों में मैच का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। खासकर भारतीय टीम में शामिल हॉकी खिलाड़ियों के गांव में एचइडी वैन के माध्यम से मैच दिखाए जा रहे हैं। लाइव मैच को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। ग्रामीणों इलाकों में इसको लेकर लोगों में काफी उत्साह भी है। हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान के गांव हेसेल में भी सीधा प्रसारण जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय खूंटी द्वारा एलइडी वैन के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय हॉकी टीम की खिलाड़ी निक्की प्रधान के पैतृक गांव हेसेल में भी मैच का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में रांची में खेले जा रहे महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का लाइव प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान लाइव मैच देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। हॉकी प्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। लोगों द्वारा इस लाइव प्रर्दशन को काफी सराहा जा रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि गांव में ही लाइव मैच देखने का अवसर मिल रहा है, इससे सभी उत्साहित हैं। इसके साथ ही कचहरी मैदान, खूंटी में लगाए गए एलइडी स्क्रीन्स पर भी खेल प्रेमी उपस्थित होकर हॉकी के महासंग्राम का आनंद ले रहे हैं।



### सिमडेगा में भी दिखाए जा रहे लाइव

सिमडेगा में हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और संगीता कुमारी के गांव में भी मैच दिखाए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों काफी उत्साह है। परिजनों में इसको लेकर काफी उत्साह है। वहीं हॉकी खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग के गांव के लोग सलीमा टेटे और संगीता कुमारी के गांव में जाकर मैच का आनंद ले रहे हैं।

### मलेशिया ने थाईलैंड को 2-0 से हराकर पहली जीत दर्ज की

रांची में आयोजित झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के पांचवें दिन लीग का आखिरी मुकाबला खेला गया। दिन का पहला मुकाबला मलेशिया और थाइलैंड के बीच खेला गया। दोनों टीमें सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुकी हैं। इस मुकाबले में मलेशिया ने थाइलैंड 2-0 से हराकर जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में पहला क्वार्टर में मलेशिया और थाइलैंड दोनों गोल नहीं कर पाई। मुकाबले का पहला गोल मलेशिया की नूर मोहम्मद ने 25 वें मिनट में किया। उन्होंने थाइलैंड के डिफेंस को भेद कर शानदार फील्ड गोल किया। प्रतियोगिता का दूसरा गोल 52 वें मिनट में आया। मलेशिया की यह पहली जीत हैं।

### चीन ने जापान को 1-0 गोल से दी मात

रांची में आयोजित झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें दिन का दूसरा मुकाबला जापान और चाइना के बीच खेला गया। इस मुकाबले में चाइना ने जापान को 1-0 से हराकर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। जापान और चाइना के खेले गये मुकाबल कॉफी रोमांच देखने को मिला। मुकाबले का एकमात्र गोल प्रतियोगिता के 8वें मिनट में चाइना ने किया। बिंगफेंग गू ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। इसके बाद दोनों टीम की ओर से कई प्रयास किए गए, लेकिन वो गोल नहीं कर पाए। इस मुकाबले में जापान को 2 और चाइना और 4 पेनाल्टी कॉर्नर मिले।

